संख्या–cm-20
06/01/2023

मुख्यमंत्री ने समाधान यात्रा कार्यक्रम के अन्तर्गत सीतामढ़ी एवं शिवहर जिले की संयुक्त समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 06 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में सीतामढ़ी समाहरणालय के परिचर्चा भवन में सीतामढ़ी एवं शिवहर जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में संयुक्त समीक्षात्मक बैठक की।

बैठक में सीतामढ़ी एवं शिवहर जिले के सांसद/विधायक/विधान पार्षदगण तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

आयुक्त तिरहुत प्रमंडल श्री गोपाल मीणा ने मुख्यमंत्री को पुष्प–गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

बैठक में सीतामढ़ी जिले के जिलाधिकारी श्री मनेश कुमार मीणा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सीतामढ़ी एवं शिवहर जिले की संयुक्त रूप से विभिन्न विभागों के माध्यम से चल रही विकास योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, स्वयं सहायता भत्ता, कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जानेवाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, मत्स्य संसाधन का विकास, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग व अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना, जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखी। जनप्रतिनिधियों के समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को और प्रचारित करें ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। छात्रों को सरकार द्वारा मिलनेवाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान ससमय हो, इस पर विशेष ध्यान दें। वर्ष 2019 में कई संस्थान ब्लैक लिस्टेड किए गए थे, जो गलत तरीके से स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ लिए थे, ऐसे फर्जी संस्थानों पर विशेष नजर रखें ताकि इस योजना का दुरुपयोग नहीं हो। कुशल युवा कार्यक्रम के तहत इच्छुक लोगों को तीन तरह के प्रशिक्षण दिए जाते हैं। इसके लिए प्रत्येक जिले में डी0आर0सी0सी0 केंद्र बनाया गया है, वहां जिलाधिकारी समय–समय पर अवश्य बैठें। जो आगे नहीं पढ़ना चाहते हैं उन्हें ठीक ढंग से

ट्रेनिंग मिले। वर्ष 2016 में हमने इसे शुरू कराया था और यह एक साल में ही काफी प्रभावी हो गया। प्रत्येक जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक संस्थान, आई0टी0आई0, महिला आई0टी0आई0, जी0एन0एम0 संस्थान बनाए गए हैं। उन संस्थानों में आवश्यकतानुरूप स्टाफ का प्रबंध करें। शिवहर में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराएं। तीन जगहों पर जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास निर्माण का काम शेष रह गया है, उसे जल्द पूर्ण करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम तो चाहते हैं कि रीगा चीनी मिल चालू हो। इस क्षेत्र के गन्ना किसानों को परिवहन की सुविधा का इंतजाम सरकार की तरफ से किया गया है ताकि वे दूसरी जगहों पर भी गन्ना को ले जाकर बेच सकें। राज्य सरकार रीगा चीनी मिल को चालू कराने की दिशा में प्रयासरत है, यह किसानों के हित में है। सरकार की तरफ से जो भी मदद की जरूरत होगी वो की जाएगी। सीतामढ़ी विकास के लिए हरसंभव कोशिश की जाएगी। सीतामढ़ी का मतलब सीता मां की यह जगह है। हमलोग टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए हर तरह से काम कर रहे हैं।

समीक्षा बैठक के पश्चात् आयुक्त तिरहुत प्रमंडल गोपाल मीणा ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंट किया।

इस अवसर पर बिहार विधान परिषद् के सभापति श्री देवेश चंद्र ठाकुर, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री सह सीतामढ़ी एवं शिवहर जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद जमा खान, सीतामढ़ी एवं शिवहर जिले के सांसद/विधायक/विधान पार्षद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, विकास आयुक्त श्री विवेक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, आयुक्त तिरहुत प्रमंडल श्री गोपाल मीणा, जिलाधिकारी, सीतामढ़ी श्री मनेश कुमार मीणा, जिलाधिकारी, शिवहर श्री मुकुल कुमार गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सीतामढ़ी श्री हरकिशोर राय, पुलिस अधीक्षक शिवहर श्री अनंत कुमार राय सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******